हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री

बिलासपुर, रविवार, 6 अप्रैल 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 भगवामय हुआ नगर, रामनवमीं पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा



## खबर संक्षेप

### श्रीराम नवमीं व हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** राम मिलेंगे आश्रम तेंदुआधाम कुरियारी में श्रीराम नवमीं पर 6 अप्रैल को श्रीराम नवमीं उत्सव एवं भजन-कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम अपरान्ह 3 बजे से प्रारंभ होगा। इसी प्रकार 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर भजन संकीर्तन का आयोजन अपरान्ह 3 बजे से किया गया है। उत्सव उपरांत भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में पद्म विभूषण जगतगुरु रमानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य के कृपा पात्र शिष्य डॉ. अशोक हरिवंश उपस्थित रहेंगे।

### जिले में 7 से 21 तक राजस्व पखवाड़ा का होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले के विभिन्न ग्राम के पटवारी हल्का मुख्यालयों में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु 7 से 21 अप्रैल तक राजस्व पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा के दौरान ग्रामीणों को उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। तहसील जांजगीर से प्राप्त जानकारी अनुसार तहसील जांजगीर अंतर्गत विभिन्न ग्राम के पटवारी हल्का मुख्यालयों में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा।

### उचित मूल्य दुकानों के संचालन के लिए आवेदन 17 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जांजगीर (तहसील अकलतरा एवं बलौदा) द्वारा विकासखंड अकलतरा अंतर्गत नगर पालिका परिषद अकलतरा के वार्ड क्रमांक 7-08 एवं वार्ड क्रमांक 9-10 में दुकान के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसके लिए 17 अप्रैल शाम 5 बजे तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) जांजगीर में आवेदन किया जा सकता है। अकलतरा के समस्त स्व सहायता समूह, सेवा सहकारी समिति आदि को सूचित किया गया है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु इच्छुक संस्था समूह निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि और समय तक संबंधित कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

### आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 20 को

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रयास बालक, कन्या आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं की परीक्षा में प्राक्चयन परीक्षा 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जावेगा। उक्त परीक्षा में शामिल होने के लिये प्रवेश पत्र ऑनलाईन प्रयास के पोटर्ल पर क्लिक करके 3 अप्रैल से 20 तक डाउनलोड कर सकते है।

# डोंगरी में सरई के पेड़ पर विराजित है मां सरई श्रृंगारिणी, वन की रक्षा करती हैं देवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


बलौदा ब्लाक के गांव डोंगरी में मां सरई श्रृंगारिणी का सरई के पेड़ पर वास है। मां सरई श्रृंगारिणी के प्रति क्षेत्र में अपार आस्था है। नवरात्र पर यहां मां के दर्शन करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड रही है।


लोक मान्यता के अनुसार ग्राम डोंगरी का क्षेत्र पहले विशाल जंगल था। इस जंगल में सरई के पेड़ की भरमार थी। किवंदती के अनुसार ग्राम भिलाई का एक व्यक्ति इसी सरई के जंगल में पेड़ काटने पहुंचा था। उसने सरई का पेड़ काट लिया और कटे हुए पेड़ को बैलगाड़ी में भरकर अपने गांव ले जाने की तैयारी में था। बैलगाड़ी में कटा हुआ सरई पेड़ लोड करने के बाद जैसे ही उसने बैलगाड़ी को आगे बढ़ाने की कोशिश की तो बैलगाड़ी का पहिया टूट गया। इस दौरान शाम हो जाने के कारण वह वापस अपने गांव भिलाई आ गया। दूसरे दिन सुबह वह कटे हुए सरई पेड़ को लेने जंगल गया तो देखा कि कटा हुआ सरई पेड़ फिर से जुड़कर खड़ा हो गया था। उसने गांव पहुंचकर लोगों को सारी बात बताई। ग्रामीणों ने जंगल आकर देखा तो आश्चर्यचकित हो गए। सरई पेड़ में देवी का वास मानकर इस स्थान को मां सरई श्रृंगारिणी के नाम से जानने लगे। उस दिन से लेकर अब तक इस जगह पर मां सरई श्रृंगारिणी के दर्शन के लिए भक्त पहुंचते है। मां सरई श्रृंगारिणी खुद यहां वन की रक्षा करती है। यही वजह है कि इस क्षेत्र में हरियाली बनी हुई है। नवरात्र में मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ इन दिनों उमड़ रही है। यहां मां सरई श्रृंगारिणी देवी सरई पेड़ के रूप में विराजमान है। ऐसी मान्यता है कि जो भी अपना दुख दर्द तकलीफ लेकर मां के दरबार में आते है मां उनकी मुरादे पूरी करती है। नवरात्रि पर मां सरई श्रृंगारिणी के दर्शन करने मंदिर में भक्तों की कतार लग रही है।

## नवरात्रि पर दर्शन के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

### 40 वर्ष से जल रही अखंड धुनी

सरई श्रृंगारिणी मंदिर में लगभग 40 वर्ष से अखण्ड धुनी एवं अखण्ड ज्योति प्रज्जवलित है। इसके अलावा नवरात्रि में यहां बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा ज्योति कलश प्रज्वलित कराए जाते है। समय के साथ यह स्थल विकसित हो चुका है। समिति के लोगों ने इस स्थान पर अन्य देवी देवताओं के मंदिर का निर्माण किया है। सरई श्रृंगारिणी धाम में आने वाले भक्त मंदिर में मां सरई श्रृंगारिणी के दर्शन करने के साथ ही सरई के उस पेड़ के भी दर्शन कर आशीर्वाद लेते है।





## कार्रवाई नहीं होने से भूमाफिया के हौसले हो रहे बुलंद

# जिला मुख्यालय से लगी जमीन पर अवैध प्लाटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे गांवो की कृषि भूमि की खरीदी कर अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही है। अवैध प्लाट काटकर ऊंचे दामों पर बिक्री का खेल चल रहा है। कार्यवाही नहीं होने से भूमाफियाओ के हौसले बुलंद है।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे गांव पेन्ड्री, मुनुंद, खोक्सा, खोखरा, दर्राभाठा, बनारी सहित आसपास के गांव के निजी जमीन को कई भूमाफिया खेती करने के नाम पर खरीद तो लेते है। लेकिन इन जमीनो का उपयोग खेती करने के बजाय अलग अलग तरीके से जमीन को कई टुकडों में बांट दिया जाता है। अवैध रूप से प्लाटिंग कर जमीन को कई गुने दामो पर बेच भी दिया जाता है। इस तरह की स्थिति काफी लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन इसके बावजुद कार्रवाई नही होने से भुमाफियाओ के हौसले भी बुलंद होते चले जा रहे है। कुछ साल पहले ऐसे भुमाफियाओ के खिलाफ जांजगीर और चाम्पा में कार्रवाई की गई थी। करीब पांच दर्जन भुमाफियायो के खिलाफ कार्यवाही कर मामला भी दर्ज किया गया था, लेकिन इसके बाद आगे कार्यवाही ठंडे बस्ते में चली गई है। बदलते समय के साथ साथ शहर की आबादी लगातार बढती ही जा रही है। उसके हिसाब से संसाधन कम होते चले जा रहे है। ऐसे में कई लोग अपने बच्चो को पढाने लिखाने के साथ स्वरोजगार एंव नौकरी की तलाश में बडी संख्या में शहरी क्षेत्रो की ओर पलायन कर जाते है। ऐसे में उन्हे रहने के लिए जमीन की जरूरत पडती है। शहर में पहले से ही आकर कई लोग बस चुके होते है। ऐसे में घनी आबादी के बीच जमीन नही मिलता जिसके चलते कई लोग शहर से लगे आसपास गांव के जमीन की खरीदी करने को लेकर जुट जाते है। वही इन जमीनो की खरीदी भी कर लेते है। जिसके चलते इन जमीनो की कीमत लाखो रूपए डिसमिल हो जाती है। नियमो के तहत देखा जाए तो इन जमीनो का उपयोग खेती किसानी के कार्यो के लिए किया जाना रहता है, लेकिन भू माफिया अवैध प्लाटिंग कर कृषि भूमि को महंगे दामों पर बेच रहे है। कार्रवाई नहीं होने से भू माफियाओं के हौसले बुलंद है।



जिला मुख्यालय से लगी जमीन पर अवैध प्लाटिंग की तैयारी।

### करेंगे कार्रवाई

अवैध प्लाटिंग को लेकर जानकारी जुटाई जाएगी। शिकायत मिलने पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

-सुब्रत प्रधान,
एसडीएम, जांजगीर

# आईपीएल में सट्टा खेलाने वाले 2 आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आईपीएल मैच में सट्टा खेलाने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जुआरियों के कब्जे से 32 सौ नगदी बरामद किया है। मामला पामगढ थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में पामगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में जुआ व सट्टा पर अंकुश लगाने पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि पामगढ़ में आईपीएल मैच में सट्टा चल रहा है। छापेमारी कार्रवाई के दौरान पामगढ़ निवासी पवन ओगरे व रितिक उर्फ राजा घोष को आई पी एल में ऑनलाइन सट्टा खेलाते रंगे हाथों पकड़ा गया। जिनसे पूछताछ करने पर बिलासपुर निवासी आकाश दरयानि से आई.डी. लेकर मोबाईल के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खेलना स्वीकार किये जो आरोपी के कब्जे से 2 मोबाईल, नगदी रकम 3200 रुपये बरामद कर आरोपीयो के विरुद्ध धारा 7 छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई करते हुए 5 अप्रैल को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सागर पाठक, विवेक सिंह प्रधान आर मनोज तिग्गा, प्रदीप दुबे, अर्जुन यादव, शाहबाज खान थाना पामगढ़ से थाना प्रभारी मनोहर लाल सिन्हा, संतोष बंजारे, दीपक कश्यप, भुनेश्वर साहू , श्याम सरोज ओगरे, टिकेश्वर राठोर, रोहित साहू का योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# सड़क पर खड़े ट्रेलर से ट्रक की भिड़ंत ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान



हादसे के बाद सड़क पर बिखरा कोयला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा

सड़क पर खड़ी ट्रेलर से अनियंत्रित ट्रक की भिडंत हो गई। ट्रक ड्राइवर ने कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। हादसा बलौदा के हरदी बाजार रोड़ में कॉलेज मोड़ के पास हुआ।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 5 अप्रैल की सुबह 4 बजे कोलवाशरी से गाड़ियां कोयला लोड करके अकलतरा साइडिंग पर जा रहे थे। ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीजे 0674 हरदी बाजार रोड में लाल बहादुर शास्त्री कालेज के पास खड़ा हुआ था। ट्रक क्रमांक सीजी 10 बीएस 7793 जो कि वाशरी से कोयला लोड करके साइडिंग में कोयला खाली करने के लिए जा रहा था। सुबह ट्रैफिक नहीं होने के कारण ट्रक का ड्राइवर तेज गति से वाहन चला रहा रहा था। हरदी बाजार रोड में लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज के पास ट्रक ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा। पहले से ही सड़क पर खड़े ट्रेलर से ट्रक जा टकराई। ड्राइवर ने गाड़ी से कूद कर किसी तरह अपनी जान बचाई। हादसे के बाद वाहन में लोड कोयला सड़क पर फैल गया। इधर बीच सड़क पर दोनों वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने से मार्ग अवरूद्ध हो गया। पुलिस टीम ने वाहनों को हटवाकर रूट क्लीयर कराया।

### गर्मी बढ़ने के साथ ही लोग कर रहे शीतल पेय पदार्थो का सेवन

**जांजगीर-चांपा।** गर्मी बढ़ने के साथ ही तापमान में वृद्धि हो रही है। मौसम साफ होने के साथ दिन का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है। इधर गर्मी बढ़ने के साथ ठंडा पेय पदार्थ की मांग बढ़ गई है। लोग गर्मी से बचने के लिए लस्सी, जूस, गन्ना रस एवं फलों का सेवन कर रहे है। वहीं धूप से बचाव के लिए लोग निकलते समय चश्मा एवं स्कार्फ का उपयोग कर रहे है।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती हेतु दावा-आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ जिला अंतर्गत नगर पालिका जॉजगीर क्षेत्र वार्ड क्रमांक 25 के आंगनबाड़ी केन्द्र 1 एवं ग्राम क्षेत्र अंतर्गत ऑगनवाड़ी केंद्र खोखरा 7, सेवई डीपहारा व अवरीद में पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ ने बताया कि प्राविधिक मूल्यांकन सूची का प्रकाशन कार्यालयीन सूचना पटल पर कर दिया गया है। जिस किसी अभ्यार्थियों को प्राविधिक सूची में आपत्ति हो तो वे 16 अप्रैल तक कार्यालयीन समय पर दावा व आपत्ति कर सकते है।

## देखरेख के अभाव में असामाजिक तत्वों का बना अड्डा

# बदहाली पर आंसू बहा रहा लाखों की लागत से बना स्टेडियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

कमरीद में लाखों रुपये की लागत से बना खेल स्टेडियम अपनी बदहाली पर आँसू बहा रहा है। देखरेख के अभाव में स्टेडियम खंडहर होने लगी है। यहां खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन होने के बजाय इस समय खेल स्टेडियम असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है।

सक्ती विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बलौदा ब्लॉक के ग्राम पंचायत कमरीद में पूर्व विधायक डा खिलावन साहू के अनुसंशा से ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य को लेकर लाखों रुपए की लागत से गौठान के सामने खेल स्टेडियम का निर्माण किया गया है। देखरेख के अभाव में स्टेडियम खंडहर में तब्दील होने लगा है। यहां खेल की गतिविधियां नहीं हो पा रही है। स्टेडियम अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यहां इस समय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित होने के बजाय असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ है। स्टेडियम के चारों ओर और स्टेडियम के भीतर शराब की बोतलें फैली हुई है। सिवनी, बालपुर, बहेराडीह, जाटा, कोसमन्दा समेत हरेक गांवों के ग्रामीण युवा खेल स्टेडियम की मांग करने लगे हैं, लेकिन जनप्रतिनिधियों द्वारा इस दिशा में किसी तरह की कोई पहल नहीं किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि शासन जगह जगह शासकीय भवन तो बना देती है लेकिन उनकी सतत मॉनिटरिंग का काम नहीं किया जाता। ऐसे में लाखों रुपए खर्च होने के बाद भी आम जनता को इसका लाभ नहीं मिल पाता। कमरीद का स्टेडियम भी देखरेख के अभाव में उपयोगहीन हो गया है। सालों से यहां खेल की कोई गतिविधियां नहीं हो पा रही है। सालों से रंग रोगन भी नहीं हुआ है। जिससे स्टेडियम खंडहर में तब्दील हो गया है।



अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा स्टेडियम।



# PREMIER ACADEMY



## PREMIER ACADEMY से NEET 2024 में GOVT. MEDICAL COLLEGE में प्रवेशित छात्र

### CRASH COURSE
**NEET 2025**
PAT/PET/PPHT/BSc. NURSING

**ABHIJAY TEST SERIES**
10 Full Length Tests

### DROPPER COURSE
**NEET/IIT-JEE/CUET**
1 Year Classroom Program
- All Syllabus Coverage
- Test Series & One to One Doubt Session
- Daily 6 to 7 Hours Classes
- हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम की पृथक कक्षाएं
- लड़के एवं लड़कियों हेतु पृथक हॉस्टल उपलब्ध

### SCHOOL+COACHING
**NEET/IIT-JEE**
2 Years Classroom Program
For 11th & 12th

➡ सभी कक्षाएं हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में उपलब्ध
➡ हॉस्टल एवं मेस सुविधा उपलब्ध

Are you Looking for
## CRASH COURSE
## CUET

- English
- GT (General Test)
- Maths / Reasoning
- Domain Subjects (Arts / Commerce / Science)
- General Studies
- Legal Studies



Full Length Test Available for all Subjects

## All New Batches From 7th April 2025
## For IITJEE/NEET/CUET/NCET

### NEET-2024 में चयनित छात्र

सैनी रंजन दास-एम्स भुवनेश्वर, रिया मिश्रा-यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस दिल्ली, गुनगुन सिंह-गणेश शंकर विद्यार्थी स्मृति मेडिकल कॉलेज कानपुर, आशुतोष शर्मा-पं. जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज रायपुर, आदित्य कुमार-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय दतिया, महेन्द्र नायक-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिवनी, ऋषि शेखर-छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर, आकांक्षा-छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर, रेखा-छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर, लोकेश जायसवाल-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव, मो. नदीम-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव, सुखसागर-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव, ममता नेताम-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय जगदलपुर, चंद्रदेव-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, गगन सिंह-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, अंजना भगत-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, सुरेन्द्र कुमार-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, दिनेश नाग-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, नंदिनी कुर्रे-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, स्नेहा तिग्गा-चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल कॉलेज दुर्ग, राहुल-चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल कॉलेज दुर्ग, ज्योतिराज-शासकीय चिकित्सा महाविद्याल कांकेर, दिव्या कुर्रे-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद, जगन्नाथ-शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद,

### CUET-2024 में चयनित छात्र

**दिल्ली विश्वविद्यालय** :- आकाश कुमार, अमित मरकाम, चंदन जनबंधु, देवेन्द्र, दुलेश कुमार पिसदा, ममतेश कुमार, सागर, व्यंकटेश, मुस्कान दिवान, सत्या सिंह

**बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय** :- दीपिका सिंह, गनेश्वरी सिंह, कुलेश्वरी, सुष्मिता खलखो, उमंग सिदार, देवशरन सिंह

**गुरु घासीदास विश्वविद्यालय** :- आकाश कुमार, दिव्या, कुलेश्वरी, चंदन, जैकी राजवाड़े, कुमलाल, टिकेश्वर, प्रीति, नोमेश मंडावी, परमवीर, लोमेश्वरी सेठिया

Main Branch - Gumber Complex, In Front Of Old High Court, Bilaspur
Mangla Branch - Bachpan School Campus, Opp. 36 Mall, Mangla Chowk Bilaspur
Sarkanda Branch - Beside Palm Enclave, Seepat Road, Sarkanda Bilaspur

8902987789
6260618880

For Information:
Follow us
@PREMIER_ACADEMY_CG


जय श्रीराम
भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल
एवं श्री राम नवमीं
की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जन-जन के लोकप्रिय नेता
मा. श्री सौरभ सिंह जी
को अध्यक्ष-छ.ग. खनिज विकास निगम
(केबिनट मंत्री दर्जा प्राप्त)
बनाए जाने पर
बधाई एवं शुभकामनाएं...
जिला पंचायत क्षेत्र क्रं. 06 से भाजपा की ओर
से प्रथम निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य
श्रीमती संतोषी मनोज रात्रे जी
के ऐतिहासिक जीत पर हार्दिक बधाई एवं
क्षेत्रवासियों का हार्दिक आभार...
श्रीमती संतोषी मनोज रात्रे
सदस्य, जिला पंचायत
शुभेच्छु : समस्त भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा क्षेत्र पामगढ़

5 JANJ-JANJ PG-4_Layout 1 4/5/2025 10:33 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### संत रितेश्वर महराज पहुंचे नवागढ़ महिषासुरमर्दिनी का किया दर्शन



**नवागढ़।** सदगुरु रीतेश्वर महराज महिषासुरमर्दिनी शक्ति पीठ नवागढ़ पहुंचे। उन्होंने दर्शन कर उपस्थित सनातनी भक्त जनों को आशिर्वचन दिया। उन्होंने पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं नगरवासियों के लिए मंगलमय जीवन की कामना करते हुये यहां विराजमान साक्षात अष्टभुजी देवी मां की नगरी को छत्तीसगढ़ की नक्शे में एक दर्शनीय स्थल के रुप में विकसित करने की बात कही ताकि शिवरीनारायण के साथ साथ नवागढ़ में विराजी शक्ति स्वरूपा का दर्शन लाभ देश ही नहीं विदेश में बसे सनातनी यों को लाभ मिल सके। इस अवसर पर उनके भक्त केदार राठौर, संजय अग्रवाल, संतोष गुप्ता, अनुराग केसरवानी, भुवनेश्वर केसरवानी, प्रकाश केशरवानी , बद्री केशरवानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### सप्तमी पर राजेश्री ने शबरी दाई मंदिर में किया पूजा-अर्चना



**खरौद।** नगर के प्रसिद्ध मां शबरी दाई मंदिर में सप्तमी तिथि को महामंडलेश्वर राजेश्री महंत दर्शन एवं पूजन के लिए पहुंचे। यहां नगरवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद यादव, उपाध्यक्ष महेश्वर यादव, सुबोध शुक्ला पुष्पमाला अर्पित कर और तिलक लगाकर भव्य भेंट कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने राजेश्री महंत से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर विशेष रूप से पार्षद नेहरू राही, सत्यम सिदार, परमानंद रोहिदास, हुलाश साहू, है कृष्ण साहू, नगरीकरण में शरद शर्मा, रूपेश यादव, धनसाय यादव, भूरे सोनी, गोविन्द धृतलहरे, शोभित यादव उपस्थित थे।

### हसौद के मंडल अध्यक्ष बने शत्रुहन यादव

**हसौद।** भारतीय जनता पार्टी ने शत्रुहन यादव को हसौद मंडल का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है।



सक्ती भाजपा जिलाध्यक्ष ने 4 अप्रैल को आधिकारिक रूप से घोषणा कर यादव को हसौद परिक्षेत्र का भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाकर बड़ा दायित्व सौपा है। उनकी नियुक्ति पर हसौद के भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने खुशी व्यक्त की है। शनिवार को बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष से मुलाकात कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शत्रुहन यादव ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी द्वारा जताए गए विश्वास को पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने संगठन को और मजबूत बनाने तथा जनहित की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया।

## निधन

### हड़ताल प्रसाद मिश्रा

**जांजगीर चांपा।** ग्राम जर्वे ( बलौदा) के प्रतिष्ठित नागरिक हड़ताल प्रसाद मिश्रा का 74 वर्ष की आयु



में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र शरद मिश्रा ने दी। वे अपने पीछे एक पुत्री व दो पुत्र का परिवार पीछे छोड़ गए हैं। उनके अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन, स्थानीय जन सहित नाते-रिश्तेदार शामिल हुए।

### श्रीमती मालती देवी गबेल

**सक्ती।** ग्राम मसनियाकला के प्रतिष्ठित किसान महेश राम गबेल की धर्मपत्नी श्रीमती मालती देवी



गबेल का शुक्रवार 4 अप्रैल को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम मसनियाकला ( सक्ती) में हुआ। वे अपने पीछे एक पुत्र एवं दो पुत्री समेत भरा-पुरा परिवार छोड़ गई है। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन एवं स्वजातीय बंधु तथा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

जाँजगीर मार्केट

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
• फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
• कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
• सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
• नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

*सुबह से देर रात तक लगी रही श्रद्धालुओं की भीड़, खीर-पुड़ी प्रसाद का लगा भोग*

# देवी मंदिरों में अष्टमी पर हुई महागौरी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवरात्रि पर्व के अष्टमी के दिन महागौरी की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। जिले के चंद्रहासिनी, अष्टभुजी, मनका, महामाया सहित अन्य देवी मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिली। देवी-मंदिरों में पुड़ी-हलवा का भोग लगाया गया। भक्तों द्वारा माता के मंदिरों में लाल जोड़े चढ़ाये गये। कई जगहों पर हवन के साथ कन्याभोज का आयोजन भी हुआ।

30 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत हुई है। वहीं शनिवार 5 अप्रैल को अष्टमी के दिन महागौरी की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान जिले के सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही लगी रही। घट स्थापना के साथ ही मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किये गये है और पहले दिन से ही माता के दर्शन के साथ ज्योति कलश दर्शन करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। जिले में प्रमुख रूप से चंद्रपुर की चंद्राहासिनी देवी, अड़भार की अष्टभुजी, खोखरा की मनकादाई, हरदी की महामाया महामाई, मदनपुरगढ़ की मनकामाई, डोंगरी में सरई श्रृंगारिणी, शिवरीनारायण की अन्नपूर्णा देवी, सक्ती की महामाया माई, कमरीद की समलाई मां, चांपा की समलेश्वरी मंदिर, सेमरा की महामाई दाई, शिरीष पाठ मंदिर डोंगाकोहरौद, नवागढ़, बलौदा, शिवरीनारायण, छपोरा, सिवनी नैला, बाराद्वार, अड़भार, तागा, बगड़बरी, सलखन, भडेसर, सारागांव के देवी मंदिरों में दीप प्रज्जवलित किये गये। भक्तों ने दुर्गा के आठवें स्वरुप महागौरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। देवी-मंदिरों में पुड़ी-हलवा का भोग लगाया गया। भक्तों द्वारा माता के मंदिरों में लाल जोड़े चढ़ाये गये, वहीं कई स्थानों पर हवन के साथ कन्याभोज का आयोजन भी हुआ। अष्टमी तिथि पर देवी मंदिरों में सुबह 4 बजे से देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा, जिसमें महिलाओं की विशेष भीड़ देखी गयी। इसी तरह हरदी के महामाया में भक्तों की भीड़ लगी रही। जनश्रुति के अवसर पर मां भवानी अपने वाहन शेर पर सवार हो मध्यरात्रि में अपने विग्रह में प्रवेश करती है। ग्राम महंत के चण्डी दाई मंदिर में रात्रि भर जसगीत का दौर चलता रहा। अपनी-अपनी श्रद्धा के अनुरुप भक्तगण कुछ जमीन पर लोट मारते हुए तो कोई पदयात्रा करते हुए आते है। देवी मंदिरों में कहीं देवी भागवत रामायण के नवाह्न परायण, तो कहीं दुर्गा सप्तशती के सामूहिक परायण का विधान अपनाया गया, परन्तु जसगीत का आयोजन सभी मंदिरों में विशेष रुप से किया गया। महाअष्टमी की पूजा फल के लिए कुंवारी कन्याओं को भोजन कराया।



देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।


### लोट मारते भक्तों ने किया माता का दर्शन



**गोधना।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने मनोकामना की पूर्ति हेतु लोट मारते हुए अपने-अपने गांव के माता दरबार में दर्शन करने पहुंचे । सप्तमी के दिन शुक्रवार 4 अप्रैल को ग्राम गोधना और कुकदा के निवासियों ने अपने गांव के इष्ट देवी चंडी मंदिर में लोट मारते हुए दर्शन किए। वहीं ग्राम बोरदा के श्रद्धालुओं ने लोट मारते हुए महामाया देवी मंदिर दर्शन हेतु पहुंचे। ग्राम कुरियारी के देवी दाई मंदिर दर्शन हेतु भक्तगण लोट मारते हुए पहुंचे । वहीं लोहर्सी के रक्त मौली माता के दरबार में गांव सहित आसपास के गांव के श्रद्धालु भी भुईंया नापते हुए माता के दरबार में पहुंचे।

### मां अन्नपूर्णा का दर्शन करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु

**शिवरीनारायण।** धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में सतयुग से विराजित सिद्ध शक्तिपीठ मां अन्नपूर्णा देवी की दर्शन कर सभी श्रद्धालु अपनी मन्नत पूर्ण कर रहे है। माता अन्नपूर्णा देवी की महिमा है अनंत है। मां सबको सुख शांति समृद्धि प्रदान करती है। आस्था भक्ति और विश्वाश की पुण्य धरा,धार्मिक एवं आध्यात्मिक नगरी शबरीनारायण धाम में त्रिवेणी संगम तट पर रामघाट स्थित मां अन्नपूर्णा देवी, लक्ष्मी नारायण मंदिर है, जहां मां अन्नपूर्णा देवी मान्यता अनुसार सतयुग से विराजित हैं। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर मंदिर को आकर्षक रंग बिरंगी झालर लाइट से सजाया गया है। मंदिर में सुबह से ही दर्शन हेतु श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर अपनी दर्शन पाते है। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मंदिर में एक हजार से भी अधिक मनोकामना ज्योत कलश प्रज्ज्वलित किया गया है। मंदिर के मुख्य पुजारी रविनारायण शर्मा सिद्धू महराज ने बताया कि मां अन्नपूर्णा देवी की कृपा से संपूर्ण छत्तीसगढ़ क्षेत्र धन-धान्य से परी पूर्ण है। वन वास काल के दौरान जब श्री रामचन्द्र जी आए थे तब माता अन्नपूर्णा देवी ने श्री राम चन्द्र जी को अक्षय पात्र दिए था जिससे संपूर्ण वानर सेना की क्षुधा तृप्त हुई थी। रामघाट के आगे महानदी पार गिधौरी में विश्राम वट है जहां भगवान श्री राम चन्द्र जी विश्राम किया था दोनो ही नवरात्रि में श्रद्धालु भक्त मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित करवाते है। मां अन्नपूर्णा देवी के दर्शन लाभ अर्जित कर सभी श्रद्धालु अपनी मन्नत पूर्ण करते है। खरौद नगर के पंडित सुधीर मिश्रा ने बताया कि मां अन्नपूर्णा की महिमा अपार है। मातारानी सभी भक्तों की मन्नत पूर्ण करती है। आशीर्वाद प्रदान करती है। मंदिर में सभी श्रद्धालु भक्त ने ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए है। सब दर्शन करने आते है। शिवरीनारायण नगर के ही शरद पांडे ने कहा कि माता के दरबार में जो भी श्रद्धालु अपनी मन्नत लेकर आते है धन्य धान्य पुत्र पुत्री या अनेक प्रकार के मन्नत सबको पूर्ण करने वाली देवी हैं। अन्नपूर्णा माता के दरबार में सच्चे मन से की गई मन्नत निश्चित ही पूर्ण होती है। नवरात्र के सातवें दिन सभी श्रद्धालु ने कतार में लगकर दर्शन लाभ प्राप्त किया।



## छत्तीसगढ़ खनिज निगम का अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर पूर्व विधायक सिंह का राइस मिलर्स ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा पूर्व विधायक सौरभ सिंह को छत्तीसगढ़ खनिज निगम का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उनके प्रथम नगर आगमन पर अकलतरा के राइस मिलर्स के द्वारा लक्ष्मी राइस मिल के सामने भव्य स्वागत किया गया।

सौरभ सिंह ने राइस मिलर्स को संबोधित करते हुए कहा कि वह नगर एवं क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान, मांगो की पूर्ति, क्षेत्र वासियों के विकास एवं जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में शासन एवं जनता के बीच सेतु का कार्य करते हुए शासन की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने का प्रयास करेंगे। राइस मिलर्स की ओर से रतन अग्रवाल ने कहा कि लंबे समय के बाद नगर के ऊर्जावान एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्तित्व सौरभ सिंह को शासन में कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त हुआ है। उनके नेतृत्व में नगर, क्षेत्र एवं अकलतरा विधानसभा में लोगों की समस्याओं का समाधान होगा एवं क्षेत्र के विकास को रफ्तार मिलेगी। इस अवसर पर दीनदयाल अग्रवाल, जुगल लखमानिया, नरेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, असीम पाल सिंह, संदीप बगड़िया, चंद्रकांत कश्यप एवं राइस मिलर्स बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



छत्तीसगढ़ खनिज निगम के अध्यक्ष बनने के बाद नगर आगमन पर स्वागत करते राईस मिलर्स।

## देवी मंदिरों में मांदर की थाप पर जसगीत का हो रहा गायन

**राहौद।** राहौद नगर में मां महामाया,गादीदाई, सातबहनिया व शीतला माता नगर के अलग-अलग जगहों पर विराजमान हैं। चैत्र नवरात्रि पर्व एक ओर जहां आस्था और भक्ति की ज्योत देवी मंदिरों में चौबीसों घंटे जगमगा रही हैं तो दूसरी ओर माता रानी के भक्त अपने भक्ति के शक्ति पर लोट मारते माता रानी के दरबार पहुंच रहे हैं। वहीं नौ दिनों तक महिला हो या पुरुष अटूट आस्था और भक्ति की उपासना कर रहे हैं। नगर में आदिकाल से विराजित इन देवी मंदिरों में नगर के श्रद्धालु के साथ साथ आस-पास ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं अपनी मनोकामना लेकर पहुंच रहे हैं। मांदर के थाप पर जसगीत का गायन हो रहा है। नवरात्र के सप्तमी व अष्टमी को विशेष आराधना कि गई। माता रानी के दर्शन पाने श्रद्धालु नारियल, फूल, चुनरी, नींबू की माला चढ़ाकर अपनी अराधना पूर्ण की। भक्तों ने इस बार महामाया मंदिर ज्योति कक्ष में 160 तेल व 4 घृत ज्योति, इसी प्रकार गादीदाई मंदिर ज्योति कक्ष में 76 तेल व 10 घृत ज्योति ,सातबहनिया मंदिर में 122 तेल ज्योति व 8 घृत ज्योति प्रज्ज्वलित चौबीसों घंटे प्रज्ज्वलित हो रही है।



**रामनवमी पर राम-जानकी मंदिर से निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा-** नगर में रविवार को भगवान राम प्राकट्योत्सव के शुभ अवसर पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल होंगे। शोभायात्रा नगर के श्रीराम- जानकी मंदिर से समय 3:30 डीजे बाजा में श्रीराम धुन के साथ प्रस्थान कर नगर के अलग-अलग मोहल्लों में पहुंचेंगी। शोभायात्रा यात्रा का समापन गादीदाई मंदिर वार्ड क्रमांक 06 में पूजा-अर्चना,के साथ होगा। शोभायात्रा को सफल बनाने नगर के सभी श्रीराम भक्त तैयारी में जुटे हुए हैं।

## अकलतरा क्रशर उद्योग संघ ने मिनीमाता चौक में किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

छत्तीसगढ़ खनिज निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष पूर्व विधायक सौरभ सिंह के प्रथम नगर आगमन के दौरान मिनीमाता चौक में अकलतरा क्रशर उद्योग संघ के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सौरभ सिंह ने कहा कि क्षेत्र वासियों की समस्याओं के समाधान एवं विकास को लेकर हुए शासन में क्षेत्र वासियों का प्रतिनिधित्व करेंगे एवं लोगों को डबल इंजन सरकार का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने की कोशिश करेंगे। क्रशर उद्योग संघ अकलतरा के अध्यक्ष अविनाश मोदी के द्वारा सौरभ सिंह के ऊर्जावान व्यक्तित्व एवं जुझारपन को क्षेत्र वासियों के लिए वरदान बताते हुए कहा कि उनके छत्तीसगढ़ खनिज निगम का अध्यक्ष बनने पर क्षेत्र वासियों को की समस्याओं का समाधान होगा वहीं विकास के नए अवसर प्राप्त होंगे इस अवसर पर अविनाश मोदी, नारायण मित्तल, जुगल किशोर अग्रवाल ,सुनील लिखमानिया, रविंद्र मुकीम, विजय कुमार अग्रवाल,मुकेश सिंघानिया, विनोद केडिया, विकास अग्रवाल, रूपेश जैन, विकास केडिया,गौरांग छापरिया,रवि शंकर अग्रवाल, आनंद खेमका, गोलू मित्तल, अपूर्व पंचायती, अनुराग जैन, नीरज शर्मा, अंकित मोदी, आशीष झाझड़िया, रितेश अग्रवाल, प्राजंल अगरवाल, चंदन गुप्ता एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### नवरात्र के आठवें दिन देवी मंदिरों में दर्शन के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़

**बिर्रा।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर ग्राम सिलादेही सहित अंचल के देवी मंदिरों में भक्तिभाव से पूजा अर्चना की जा रही हैं। अष्टमी पर मां कालरात्रि और महागौरी की पूजा के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। क्षेत्र के माता रानी मंदिर में भक्तों ने विशेष पूजा-अर्चना की।



जय मां चण्डी दाई, ठाकुर देव, एवं जय माँ कंकालिन दाई मां कालरात्रि को सभी कष्टों और दुखों को दूर करने वाली देवी माना जाता है। वहीं मां महागौरी को साक्षात दुर्गा का स्वरूप माना जाता है। वे भक्तों को सुख और समृद्धि प्रदान करती हैं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से धूप-दीप जलाकर पूजा-अर्चना की। देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जा रहा है। आचार्य पं. शिवप्रसाद तिवारी एवं देवकीनंदन तिवारी है। इसी तरह बिर्रा, घिवरा, किकिरदा, करही, पोड़ीशंकर के अलावा क्षेत्र के गावों में भी चैत्र नवरात्रि के अवसर पर ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया है। मंदिरों में माता रानी की दर्शन पाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से शाम तक लगी रहती है। श्रद्धालु भजन कीर्तन कर माता का गुणगान कर रहे है।

**न्यायालय कार्यपालक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार नवागढ़**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक /268/तह./ज.मृ./2025
नवागढ़, दिनांक 28/3/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शंकरलाल साहू पिता साहेबलाल जाति तेली साकिन खैरा तहसील नवागढ़ व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं. 02 ग्राम खैरा में अपने/अपनी (रिश्ता लिखे) दादा नाम गजानंद के मृत्यु दिनांक 05/08/1995 को होने से मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 07/04/25 के पूर्व पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 28/03/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालक दण्डाधिकारी**
**नवागढ़**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चांपा, जिला- जांजगीर चांपा छ.ग.**
रा.प्र.क्र. /अ-6/2023-24, चांपा, दिनांक- 18/03/2025

**राजस्व मामले की नोटिस**

अंजू देवांगन पिता स्व. अंजोरसाय देवांगन जाति कोष्टा निवासी ग्राम सिवनी तहसील चांपा जिला जांजगीर **चांपा** (छ.ग.).....अपीलार्थी **विरूद्ध** किरीतराम उम्र 60 वर्ष पिता स्व. अंजोर साय देवांगन जाति कोष्टा निवासी ग्राम चोरिया तहसील सारागांव जिला- जांजगीर चांपा छ.ग......... उत्तरवादी

प्रति, किरीतराम उम्र 60 वर्ष पिता स्व. अंजोर साय देवांगन जाति कोष्टा निवासी ग्राम चोरिया तहसील सारागांव जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)

अपीलार्थी किरीतराम पिता स्व. अंजोरसाय देवांगन जाति कोष्टा निवासी ग्राम सिवनी तहसील चांपा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा अधिवक्ता श्री लखेश्वर केंवट उपस्थित होकर न्यायालय तहसीलदार सारागांव के ग्राम पंचायत चोरिया के प्रस्ताव क्रमांक 05 नामांतरण पंजी क्रमांक 17 आदेश दिनांक 02/05/1998 के विरूद्ध राजस्व अपील अतंर्गत धारा 44 छ.ग.भू.रा.सं. के अंतर्गत दस्तावेज सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण में उत्तरवादीगणों की उपस्थिति / सुनवाई हेतु दिनांक 22/04/2025 नियत किया गया है। नियत दिनांक को आप न्यायालय में स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई में भाग ले सकते हैं। नियत दिनांक तक उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षिय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 18/03/2025 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चांपा, दिनांक 18/03/2025**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai)
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीजर (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661


श्री राम नवमीं महोत्सव 2025
(श्री राम जन्मोत्सव)
कैलाश कसेर
रामभक्त, चांपा
भव्य शोभा यात्रा
संजय सोनी
पार्षद, चांपा
दिनांक : 06.04.2025, रविवार शाम 4 बजे से
श्री राम नवमीं पर्व की समस्त जिलेवासियों को हार्दिक बधाई ....
-: शुभेच्छु :-
कार्तिकेश्वर स्वर्णकार
प्रदीप नामदेव
संतोष अग्रवाल
डॉ. राधेश्याम सोनी
नागेन्द्र गुप्ता
प्रेमप्रकाश देवांगन
राजन गुप्ता
चन्द्रकांत साहू
अविनाश मुरारका
रामभक्त, चांपा
हनुमान देवांगन (बलारा)
डॉ. अतुल राठौर
नवीन थावानी
अमित अग्रवाल (भांचा)
शोभा यात्रा मार्ग
रेलवे टेक्सी स्टैण्ड, बरपाली चौक, लायंस चौक, थाना चौक, सुभाष चौक, सदर बाजार, कदंब चौक से नगर भ्रमण करते हुए परशुराम चौक चांपा तक यहाँ हनुमान मंदिर में आतिशबाजी, महाआरती व प्रसाद वितरण

## खबर संक्षेप

### पेयजल समस्या समाधान के लिए टोल फ्री नंबर जारी

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिले में पेयजल की समस्याओं के समाधान के लिये टोल फ्री नंबर जारी किया गया हैं। जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम ग्रीष्मकाल में पेयजल की व्यवस्था बनाये रखने के लिए अलर्ट मोड पर कार्य कर रही है। पेयजल व्यवस्था को सुनिश्चित करने सहित पेयजल से संबंधित समस्याओं के लिए टोल फ्री नंबर 18002330008 जारी किया गया है। पेयजल व्यवस्था को और दुरूस्त करने के लिए टोल फ्री नंबर के साथ साथ सभी विकासखंड हेतु उनके ब्लॉक के सम्बंधित अधिकारियों का मोबाईल नंबर भी जारी किया गया है। टोल फ्री नंबर एवं संबंधित मोबाइल नंबरों के माध्यम से नागरिक अपनी पेयजल से जुड़ी समस्याओं की शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### विधायक ने सीएम को पत्र लिखकर शिक्षक भर्ती प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने की मांग

**जांजगीर चांपा।** जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने प्रदेश में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि विधानसभा सत्र में एक अतारांकित प्रश्न के जवाब में बताया गया है कि स्कूल शिक्षा विभाग में प्रदेश में शिक्षक संवर्ग के 56601 पद रिक्त हैं। इतनी अधिक मात्रा में स्कूलों में शिक्षकों की कमी होने से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वहीं पदोन्नति के पात्र शिक्षकों को समय पर पदोन्नति नही मिलने से उनमें भी नाराजगी है। उन्होंने प्रदेश के स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन तथा प्रदेश के डी एड एवं बी एड डिग्री धारी प्रशिक्षित बेरोजगारों को रोजगार प्रदान करने के लिए शीघ्र ही शिक्षक भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग की है।

कार्यक्रम को लेकर जोर-शोर से चल रही तैयारी, झांकियां होगी विशेष आकर्षण का केंद्र

# भगवामय हुआ नगर, रामनवमीं पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर चांपा नगर में इस वर्ष एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। श्रीराम नवमी महोत्सव आयोजन समिति द्वारा नगर को सजाने और कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने के लिए तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। नगरवासी भी बढ़-चढ़कर इस आयोजन में भाग ले रहे हैं।

समिति ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में सम्मिलित हों। सभी से आग्रह किया गया है कि वे अपने घरों के सामने दीप जलाएं, रंगोली सजाएं और भगवा ध्वज लगाकर वातावरण को राममय बनाएं। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों को भव्य रूप से सजाया जा रहा है और प्रत्येक घर पर भगवा ध्वज फहराए जा रहे हैं। इस वर्ष की शोभायात्रा में अनेक आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र होंगी जिनमें बाहुबली बजरंग बली, रौद्र रूप में भोलेनाथ, श्रीश्याम बाबा की झांकी, नवमुख वाली मां काली, रामलला की जीवंत झांकी और श्रीराम दरबार की भव्य झांकी शामिल हैं। शोभायात्रा का शुभारंभ दोपहर 4 बजे रेलवे स्टेशन से होगा, जो



नगर को भव्य रुप से सजाने का चल रहा काम।

नगर भ्रमण करते हुए बरपाली चौक, लायंस चौक, थाना चौक, पोस्ट ऑफिस, सुभाष चौक, राधाकृष्ण मंदिर चौक, सदर बाजार, समलेश्वरी मंदिर चौक, चौपाटी होते हुए कार्यक्रम स्थल परशुराम चौक स्थित हनुमान मंदिर पहुंचेगी। कार्यक्रम स्थल पर नगर के ख्याति प्राप्त गायकों द्वारा संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात भव्य आतिशबाजी एवं पंडितजनों द्वारा श्रीराम जी की महाआरती की जाएगी। आयोजन का समापन प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा। नगरवासी इस धार्मिक आयोजन को लेकर अत्यंत उत्साहित हैं और चांपा नगरी पूरी तरह से राममय माहौल में रंगी नजर आ रही है। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का मार्ग में जगह-जगह शीतल पेयजल, शर्बत, आइसक्रीम से स्वागत किया जाएगा।

## नगर में उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा श्री राम जन्म महोत्सव

**जांजगीर-चांपा।** श्री रामनवमीं जन्मोत्सव समिति के द्वारा भीमा तालाब स्थित शनि मंदिर प्रांगण में श्री राम जन्मोत्सव शोभायात्रा की अंतिम रूपरेखा तैयार करने शनिवार 5 अप्रैल को बैठक हुई। श्री राम जन्म महोत्सव रविवार 6 अप्रैल को नगर में उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। नैला रेलवे स्टेशन के पास गायत्री मंदिर के पीछे स्थित श्री राम मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होगी। इस पैदल शोभा यात्रा में नगर एवं आसपास के ग्राम के महिला, पुरुष ,बालवृंद पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। शोभायात्रा में सबसे आगे कर्मा नृत्य रहेगा, जिसमें 35 महिलाओं का समूह है। उसके पीछे मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी का भव्य रथ रहेगा। रथ के दोनों तरफ झूमर वाली लाइट लगी रहेगी। श्री राम जी के रथ के पीछे में माताएं ,बहनें हमारी मातृशक्ति शामिल होंगी। शोभा यात्रा का एक प्रमुख आकर्षण लाइव भजन आर्केस्ट्रा रहेगा। आर्केस्ट्रा का दल खुली ट्राली में भजन गाते हुए शोभायात्रा के साथ-साथ चलेगा। आर्केस्ट्रा के पीछे शोभायात्रा में सभी पुरूष वर्ग धोती कुर्ता या कुर्ता पायजामा के साथ शामिल होंगे। पीछे कोरबा की राज बैंड पार्टी चलेगी। युवाओं के उत्साह वर्धन के लिए उनके साथ डीजे भी चलेगा। श्री रामनवमीं शोभायात्रा नैला रेलवे स्टेशन के पास स्थित श्री राम मंदिर से 6 अप्रैल रविवार को सायं 5 बजे प्रस्थान करेगी। शोभायात्रा नेताजी, अकलतरा चौक से होते हुए कचहरी चौक जांजगीर के आगे दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर (पुलिस कंट्रोल रूम) के सामने पहुंचेगी। उसके उपरांत दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा। उसके उपरांत वहीं प्रसाद का वितरण होगा ।







### भाजपा का स्थापना दिवस मनाने बैठक में चर्चा



**अकलतरा।** भारतीय जनता पार्टी के 47 वां स्थापना दिवस कार्यक्रम के लिए अकलतरा नगर में गुलाब सिंह चंदेल पूर्व जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्य योजना बैठक रखी गई। इस बैठक में रविवार 6 अप्रैल स्थापना दिवस, 8 अप्रैल सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन, और 14 अप्रैल भीमराव अंबेडकर के जयंती कार्यक्रम मनाने के लिए पार्टी के दिशा निर्देशों का विषय रखा गया। अंबेडकर जयंती के पूर्व संध्या 13 अप्रैल को अंबेडकर चौक एवं मूर्ति के आसपास के साफ सफाई के कार्य योजना बनाया गया है और 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर के जयंती के उपलक्ष में अनेक कार्यक्रमों संगोष्ठी एवं माल्यार्पण का कार्यक्रम रखा जाएगा। इस बैठक में भाजपा के मंडल अध्यक्ष कमल केडिया महामंत्री उमाकांत भारते बाबा केवट कार्यक्रम के संयोजक गोवर्धन साहू सहसंयोजक पिंटू बरेट, शिव गोंडलिया पार्षद आशीष प्रसाद कमलेश्वर दास वैष्णव, सुरेश मिरचंय नरेंद्र साहू अनिल दुबे राजेश्वर मरकाम सुनीता सिंह विनोद द्विवेदी घनश्याम राजवाड़े चंदन शर्मा संजय सोनवानी हितेश पालीवाल रिशु तिवारी राजन केडिया मनोज राय विकास भारद्वाज और नगर के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- 13 को अंबेडकर चौक एवं मूर्ति की साफ-सफाई तथा 14 अप्रैल को विविध कार्यक्रमों के साथ होगी संगोष्ठी

### अकादमिक कांफ्रेंस में शिक्षकों ने साझा किए नवाचारी प्रयास



**पामगढ़।** विकासखंड स्तरीय वार्षिक अकादमिक शिक्षक कॉन्फ्रेंस-2025 का आयोजन शुक्रवार को बीआरसी हॉल, पामगढ़ में किया गया। यह आयोजन ब्लॉक स्त्रोत केंद्र की पहल पर हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों के अनुरूप शिक्षकों की भूमिका को सशक्त बनाना था। शिक्षकों ने बालकेंद्रित शिक्षण, भाषा विकास और एफएलएन आधारित नवाचारों पर अपने अनुभवों को उत्साहपूर्वक साझा किया। कॉन्फ्रेंस में 7 शिक्षकों द्वारा एफएलएन किट, गणित कॉर्नर, भाषा कॉर्नर, दीवार पत्रिका, हमारे प्रकाशन, पुस्तकालय आदि की प्रस्तुति दी गई, जिसमें कक्षा शिक्षण से जुड़े नवाचारों और रचनात्मक गतिविधियों को दर्शाया गया। साथ ही 7 अन्य शिक्षकों ने अपने वार्षिक कार्यों का थीम आधारित प्रस्तुतीकरण किया। कार्यक्रम में एफएलएन मेला भी लगाया गया, जहां शिक्षकों ने अपने विद्यालयों में किए जा रहे प्रयासों को प्रदर्शित किया। शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी, नवाचारों की झलक और साझा किए गए अनुभवों ने उपस्थित शिक्षकों को प्रेरित किया। इस अवसर ने शिक्षकों को एक साझा मंच प्रदान किया जहां वे एक-दूसरे से सीखने और प्रेरित होने का अनुभव ले सके। कार्यक्रम में विकास शिक्षा अधिकारी मोहन लाल कौशिक, बीआरसी दुष्यंत भर्तृहरि, डाइट फैकल्टी-नेहरू लाल प्रधान,पेनेलिस्ट संध्या देवी, 40 शिक्षक और 20 शैक्षिक समन्वयक,अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन से पवन, सुभाष, रिंकेश, मंजू, सस्मिता सम्मिलित हुए। मंच संचालन छम्मन महंत, निधिलता व सोनम तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

**खास बात**

- बीआरसी हॉल में आयोजित हुआ कार्यक्रम, 40 शिक्षक और 20 शैक्षिक समन्वयक हुए शामिल

